Seventeenth Loksabha

pan>

Need to expedite repair work of NH-80 in Bihar

श्री अजय कुमार मंडल (भागलपुर): महोदय, एनएच 80 के जीरोमाइल-मिर्जा चौकी रोड के मेंटेनेंस के लिए राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, भागलपुर को पैसा नहीं मिल रहा है। इधर, हाइवे की हालत दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है। अनगिनत गड्डों के कारण वर्षो से एनएच 80 आमलोगों की परेशानी का कारण बना हुआ है। मजबूरी ही है कि लोग इस पर चल रहे हैं। बारिश शुरू होने के बाद से इसकी स्थिति नारकीय हो गयी है। बड़े-बड़े गड्ढों में फंस कर बड़े-छोटे दर्जनों वाहन रोज पलट रहे हैं, लोग घायल हो रहे हैं।

एजेंसी के परियोजना प्रबंधक एवं विभाग द्वारा जून महीने में अवगत कराया कि एक सप्ताह के अंदर उक्त सड़क के सभी गड्ढों को भरने का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा, परन्तु आज तक उक्त रोड़ के मरम्मत कार्य में केवल खानापूर्ति की गई है जबकि इसके चौड़ीकरण का निर्माण कार्य शुरू होने से पूर्व दोनों चयनित एजेंसियों को मरम्मत कर सड़क चलने लायक बनाना था।

मेरा सदन के माध्यम से अनुरोध है कि एनएच 80 के मरम्मत कार्य को शीघ्र पूर्ण कराया जाए एवं मरम्मत कार्य के लिए प्राप्त धनराशि की जाँच की जाए जिससे यह ज्ञात हो सके कि एनएच 80 के मरम्मत कार्य हेतु आवंटित धन राशि का प्रयोग हुआ है तो धरातल पर कार्य क्यों नहीं दिख पा रहा?